# आकाशवाणी शिमला
## 28.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य प्राप्त करने की प्रतिबद्धता दोहराई है। इस लक्ष्य की स्वतंत्रता आंदोलन से तुलना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर पिछली पीढ़ियां 20–35 वर्ष में औपनिवेशिक शासकों को देश से बाहर निकाल सकती हैं, तो आज के 140 करोड़ नागरिक भी अगले 25 वर्ष में विकसित भारत के सपने को साकार कर सकते हैं। कल गुजरात के गांधीनगर में गुजरात शहरी विकास की 20 वर्ष की गाथा के उत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री ने भारत की महत्वपूर्ण आर्थिक वृद्धि और वैश्विक प्रतिस्पर्धियों से आगे निकलने पर गर्व व्यक्त किया।

**कार्रवाई**

प्रदेश सरकार ने अनुशासनहीनता पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एसीएस गृह ओंकार शर्मा, डीजीपी डॉ. अतुल वर्मा और एसपी शिमला संजीव गांधी को छुट्टी पर भेज दिया है। इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता–

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज कुल्लू जिला के बंजार विधानसभा क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान वे करोड़ों रुपये की विभिन्न परियोजनाओं के उद्घघाटन व शिलान्यास करेंगे। शाम को मुख्यमंत्री क्षेत्र के दूरस्थ गांव शरची में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता–

**ज्ञापन**

हिमाचल प्रदेश पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले को लेकर प्रदेश भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल आज नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल के नेतृत्व में शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को एक ज्ञापन सौंपेगा। भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने ये जानकारी देते हुए बताया कि विमल नेगी मामले में पुलिस प्रशासन के रवैए को लेकर जो स्थिति उत्पन्न हुई है उसको लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडल में पार्टी के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, सभी सांसद और विधायक शामिल होंगे।

**सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल**

आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने का भारत का संदेश सीमापार से आतंकवाद के मामले पर पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए विश्वभर में भेजे गये भारत के बहुदलीय प्रतिनिधि मंडलों की यात्रा के दौरान अलग–अलग देशों में नेताओं, सांसदों, बुद्धिजीवियों, मीडिया और नागरिक समाज के साथ उनकी बातचीत में गूंज रहा है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में पनामा पहुंचे भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल ने वहां की संसद की अध्यक्ष डाना कास्टानेडा के साथ बैठक की। इस दौरान थरूर ने कहा कि भारत को युद्ध छेड़ने में कोई दिलचस्पी नहीं थी लेकिन ऐसा महसूस किया गया कि आतंकवाद से जुडी हरकतों का उचित दंड अवश्य दिया जाना चाहिए। प्रतिनिधि मंडल के सदस्य आज केपटाउन जाएंगे। वहां वे दक्षिण अफ्रीका की संसद में बैठक करेंगे और वहां की सरकार के मंत्रियों से भी मिलेंगे।

**उपमुख्यमंत्री**

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली विधानसभा में 50 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण किए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सरकार कृतसंकल्प है और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। इस दौरान उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ग्राम पंचायत छेत्रां के 10 जरूरमंद परिवारों को 1 लाख रुपए की सहायता राशि के चेक वितरित किए। साथ ही उन्होंने कहा कि छेत्रां ग्राम पंचायत में जल्द ही सामुदायिक भवन बनाया जाएगा।

**सुर्खियां समाचार पत्रों से**

आज समाचार पत्रों ने विमल नेगी मामले में जांच कर रहे अधिकारियों पर कार्रवाई से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है– **डीजीपी व एसपी शिमला को हटाया, ओंकार से वापस लिए विभाग, तिवारी को पुलिस प्रमुख का कार्यभार।** पंजाब केसरी के शब्द हैं–**जबरन छुट्टी पर भेजे गए एसीएस गृह, डीजीपी व एसपी शिमला।** मौसम पर हिमाचल दस्तक के शब्द हैं–**प्रदेश में दो जून तक खराब रहेगा मौसम, आंधी व तुफान का अलर्ट।**